Title: Need to introduce a super fast train between Siwan (Bihar) and Mumbai-Laid.

मोहम्मद शहाबुद्दीन (सिवान): माननीय अध्यक्ष महोदय, देश में विगत 15-20 वर्ाों के दौरान रेलों का विकास काफी तीव्र गति से हुआ है। छोटी रेल लाइनों को बड़ी रेल लाइनों में बदला गया है। कई गाड़ियों की गति को बढ़ाया गया है तथा लम्बी दूरी के लिए तीव्र गति की राजधानी, शताब्दी एवं अन्य सुपरफास्ट गाड़ियों को चलाया गया है लेकिन दुर्भाग्य का विाय यह है कि सीवान से मुम्बई जाने के लिए यहां के लोगों को तीव्र गति की गाड़ी सुलभ कराना तो दूर रहा, यहां के इन लोगों के लिए कोई सीधी गाड़ी की सुविधा भी अभी तक मुहैया नहीं कराई गई है। इन यात्रियों को सीवान से मुम्बई आने-जाने के लिए पटना, गोरखपुर या अन्य भागों को इस्तेमाल करते हुए यात्रा करनी पड़ती है, जिसके कारण जहां एक ओर इन यात्रियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर इन यात्रियों को काफी समय की बर्बादी भी उठानी पड़ती है।

अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान इस बात की ओर विशो रूप से दिलाना चाहूंगा कि सीवान स्टेशन उत्तर पूर्व जोन में सबसे ज्यादा राजस्व दिलाने वाला स्टेशन है। परिणामतः यहां का विकास अन्य क्षेत्रों की तुलना में काफी पिछड़ता जा रहा है। सीवान संसदीय क्षेत्र की आम जनता की प्रबल मांग है कि सीवान से मुम्बई जाने के लिए यहां से यात्रियों की संख्या को मद्देनजर रखते हुए कम से कम एक सीधी सुपरफास्ट गाड़ी यथाशीघ्र प्रारम्भ कराने की व्यवस्था कराई जाये।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि सीवान की आम जनता की प्रबल मांग को मद्दे नजर रखते हुए सीवान से मुम्बई से सीवान आने-जाने के लिए कम से कम एक सीधी सुपरफास्ट गाड़ी प्रारम्भ कराने की व्यवस्था करें।